रमज़ान मुबारक
पांचवा रोज़ा इफ्तार - 16 मार्च 2024
सुन्नी - 06:23 बजे
शिया - 06:31 बजे
छठवां रोज़ा सहरी - 17 मार्च 2024
सुन्नी - 04:58 बजे
शिया - 04:48 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वारिस अली अंसारी
समाजसेवी, सदस्य जिला पंचायत
पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद
निवास : गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर खीरी

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# पशुओं में फैला खुरपका-मुंहपका रोग, सैकड़ों बीमार

## समय से वैक्सीनेशन न किए जाने से फैली बीमारी, पशु पालकों को प्राइवेट चिकित्सकों से कराना पड़ रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शहर में 125 से अधिक डेयरियां, संचालक परेशान
- बीमार होने की वजह से कई पशुओं ने दूध देना किया बंद



शहर के मोहल्ला नखासा स्थित डेयरी में मौजूद पशु। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** बदलते मौसम का दुष्प्रभाव पशुओं पर पड़ रहा है। शहर में संचालित डेयरियों पलने वाले पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग फैला है, जिससे सैकड़ों पशु बीमार हैं। डेयरी संचालकों की मानें तो पशुओं में यह रोग तेजी से फैल रहा है। बीमारी की वजह से पशुओं ने दूध देना भी बंद कर दिया है। पशु पालन विभाग द्वारा समय से वैक्सीनेशन न कराए जाने की वजह से पशुओं का इलाज प्राइवेट पशु चिकित्सकों से कराना पड़ रहा है।

शहर में करीब 125 से अधिक डेयरियां हैं। इन डेयरियों में 15 से 50 दुधारू पशु पाले जा रहे हैं। बड़ी संख्या में लोगों को इनसे न सिर्फ रोजगार मिल रहा है, बल्कि बड़ी आबादी को दूध की आपूर्ति भी होती है। पिछले करीब 20-25 दिनों से डेयरियों में पाले जाने वाले दुधारू पशुओं में तेजी से खुरपका और मुंहपका रोग फैल रहा है। डेयरी संचालकों की मानें तो सैकड़ों पशु इस बीमारी की चपेट में है। पशुओं खुर और मुंह पक गए हैं, जिनमें मवाद निकल रहा है।

शहर के मोहल्ला आसफजान के सुभाष ने बताया कि उनकी डेयरी में 25 पशु हैं। इनमें सात दिन के भीतर तीन पशु खुरपका-मुंहपका रोग की चपेट में आ चुके हैं। बीमारी के चलते इन पशुओं ने दूध देना भी बंद कर दिया है। इसी मोहल्ले के डेयरी संचालक मदन सिंह ने बताया कि उनकी दो गाय और दो भैंस रोग की चपेट में हैं। तीन-चार दिन पहले से ही इन सभी पशुओं ने दूध देना बंद कर दिया है। डेयरी संचालक सुरेंद्र पाल सिंह तो इन दिनों काफी मुश्किलों से घिरे हैं। उनके मुताबिक डेयरी के 15 पशुओं में 10 पशु खुरपका-मुंहपका रोग से ग्रस्त हैं। अधिकांश पशुओं ने दूध देना बंद कर दिया है। मोहल्ला नखासा निवासी डेयरी संचालक सोनू ने बताया कि डेयरी के पांच पशु खुरपका-मुंहपका रोग की चपेट में आए थे। विभाग द्वारा कोई वैक्सीनेशन न होने से सभी पशुओं का इलाज प्राइवेट पशु चिकित्सकों से कराना पड़ा।

> पशुओं को खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव को टीकाकरण अभियान शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। सभी पशु पालकों से संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही टीमों को भेजकर वैक्सीनेशन कराया जाएगा। - **डॉ. अरविंद कुमार**, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

### यह हैं रोग के लक्षण

- पशु के मुंह से से अत्यधिक लार का टपकना
- जीभ और तलवे पर छालों का उभरना एवं जीभ का बाहर आ जाना
- मुंह व खुरों में घाव होना और उनसे मवाद बहना
- पशु के जुगाली करना बंद कर देना
- दूध उत्पादन में करीब 80 प्रतिशत की कमी

### दोतरफा मार झेल रहे डेयरी संचालक

शहर की डेयरियों में फैले खुरपका-मुंहपका रोग से सैकड़ों पशु इसकी चपेट हैं। ऐसे में इन डेयरी संचालकों को खासा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इन डेयरी संचालकों का आरोप है कि विभाग द्वारा समय से वैक्सीनेशन न शुरू कराने से यह रोग तेजी से फैल रहा है। डेयरी संचालकों को इन दिनों दोतरफा मार झेलनी पड़ रही है। एक तो पशुओं के दूध न देने से दूध बिक्री कम हो रही है। वहीं इन बीमार पशुओं का इलाज प्राइवेट पशु चिकित्सकों से महंगे दामों पर कराना पड़ रहा है।

### छुट्टा पशुओं पर नहीं कोई ध्यान, इनमें भी हैं कई बीमार

संचालकों के सामने आने पर डेयरी के पशुओं की समस्या तो उजागर हो गई है। मगर यह रोग सड़कों पर घूम रहे पशुओं को भी चपेट में ले चुका है। इसकी रोकथाम के लिए शुक्रवार से टीकाकरण अभियान शुरू तो कर दिया गया है, लेकिन इससे पहले ही बड़ी संख्या में पशु बीमार भी हो चुके हैं। सड़कों पर घूम रहे पशुओं में भी कई इसकी चपेट में आ चुके हैं।

### टीकाकरण के लिए मिलीं 3.35 लाख एफएमडी वैक्सीन

**पीलीभीत :** पशुओं में जानलेवा बीमारी खुरपका-मुंहपका रोग की रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग द्वारा शुक्रवार से टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चलने वाले इस अभियान को लेकर जनपद को 3 .35 लाख एफएमडी वैक्सीन भेजी गई है। जनपद स्तर से यह वैक्सीन जिले के सभी 16 पशु चिकित्सालयों में भेजी जा चुकी है। पशुपालन विभाग के मुताबिक जिले भर में 67 हजार भैंस और करीब 18 हजार गाय हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा .अरविंद कुमार ने बताया कि खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव को टीकाकरण अभियान शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। पूरे जिले में यह अभियान 60 दिन तक चलाया जाएगा। पैरावेट और वैक्सीनेटरों द्वारा टीकाकरण कराया । इसको लेकर सभी पशुपालकों से संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने सभी पशु पालकों से सहयोग करने की अपील की है।

# समिति की निगरानी में खुला गन्ना कृषक कॉलेज का लेखा विभाग



शुक्रवार को लेखा विभाग में दस्तावेजों का मिलान करते समिति सदस्य।

संवाददाता, पूरनपुर

- तीन दिन पहले प्राचार्य ने किया था सील, अभी नहीं मिली कैशबुक अन्य दस्तावेज सुरक्षित

**अमृत विचारः** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय का सील किया गया लेखा विभाग तीसरे दिन शुक्रवार को खोला गया। मगर यहां से कैश बुक फिर भी नहीं मिली। प्राचार्य द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति की मौजूदगी रही।

गन्ना कृषक महाविद्यालय में वित्तीय अनियमितता और अवैध नियुक्तियों की शिकायतें जिला प्रशासन से लेकर शासन तक की गई हैं। कॉलेज का ही एक धड़ा वर्तमान व्यवस्था से असंतुष्ट है। प्राचार्य पर आरोप लगाए गए थे कि उन्होंने कॉलेज की 1.50 करोड़ रुपये की एफडी तोड़ डाली और अन्य गड़बड़ी की है। इसी को लेकर प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने बुधवार को लेखा विभाग सील कर दिया था। शुक्रवार को तीन सदस्यीय कमेटी में शामिल डॉ. अरविंद दीक्षित, डॉ. सौरभ सक्सेना और अंकित गुप्ता की निगरानी में खुले लेखा विभाग में एफडीआर और बैंक खातों का विवरण सुरक्षित मिला। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि समिति को तीन वर्ष की कैशबुक नहीं मिली है। लेखा प्रभारी ने समिति को बताया कि कैशबुक प्रिंट नहीं की गई है। विद्यार्थियों पर अभी लाखों रुपये की फीस बाकी है। कुछ धनराशि नए कोर्स संचालन को लेकर विश्वविद्यालय में जमा की गई थी। कॉलेज में मेरे कार्यकाल में कोई वित्तीय अनियमितता नहीं है, जो भी गड़बड़ियां हैं, वो उनसे पहले की हैं।

# सर्वर ठप होने से घंटों लाइन में लगे रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर में कोटे की दुकान पर राशन लेने को एकत्र कार्डधारक। ● अमृत विचार

- कोटे की दुकानों पर शुक्रवार से नई मशीनों के जरिए शुरू हुआ राशन वितरण

**अमृत विचार :** राशन दुकानों पर शुक्रवार से शुरू हुए राशन वितरण के दौरान कोटेदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कहीं सर्वर ठप रहा तो कहीं नई मशीन के संचालन में आ रही दिक्कतों से कोटेदार परेशान रहे। वहीं, कार्डधारकों को भी राशन लेने के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ा।

पूर्ति विभाग द्वारा जिले भर में 876 राशन कोटे की दुकानों संचालित की जा रही है। इन सभी राशन की दुकानों से 3,79,580 कार्ड धारक जुड़े हैं। इस बार सभी राशन की दुकानों पर शुक्रवार से ई-पॉस कनेक्टेड वेइंग मशीनों के माध्यम से राशन वितरण शुरू किया गया है। मगर, राशन वितरण के पहले दिन ही अधिकांश कोटेदार नई मशीन के संचालन की जटिलताओं में उलझे रहे। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक बार-बार सर्वर डाउन होने के चलते राशन वितरण बाधित रहा। ऐसे में कोटेदार इन चार घंटों में महज चार-पांच लोगों को ही राशन दे सके। वहीं राशन लेने के लिए कार्डधारक भी सुबह सात बजे पहुंच गए। राशन वितरण के दौरान आ रही तकनीकी खराबी और मशीन संचालन में दिक्कतों की वजह से कार्ड धारकों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर की कुछ राशन दुकानों पर तो कार्डधारक घंटों लाइन में लगने के बावजूद बिना राशन लिए ही बैरंग लौट गए। कोटेदारों का कहना था कि पहले से ही नई मशीन से राशन वितरण में दिक्कत आ रही है, ऊपर से बार-बार सर्वर डाउन हो रहा है। इस तरह तो इस बार राशन बांटने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। बता दें कि एक दिन पूर्व शहर के राशन कोटेदारों ने डीएसओ कार्यालय पर पहुंचकर नई मशीनों के संचालन में आ रही दिक्कतों को लेकर शिकायत की थी। इन सभी का कहना था कि प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूरी की गई है। डीएसओ ने कोटेदारों को पुनः प्रशिक्षण दिलाने को कहा।

> जिले की सभी राशन की दुकानों पर शुक्रवार से राशन वितरण शुरू किया गया है। कुछ स्थानों पर तकनीकी कारणों के चलते राशन वितरण में दिक्कत आने की सूचना मिली है। सभी पूर्ति निरीक्षकों को समय से राशन वितरण कराने को निर्देशित किया गया है। - **विकास कुमार**, जिला पूर्ति अधिकारी

# पात्रों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभः भाकियू

**पीलीभीत, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानू की तहसील स्तरीय मासिक पंचायत शुक्रवार को तहसील सदर में जिला अध्यक्ष भजनलाल क्रोधी की अध्यक्षता में हुई। प्रदेश संगठन मंत्री रमेश दादा भी शामिल हुए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीलीभीत का किसान परेशान है। सरकार द्वारा गेहूं क्रय केंद्र लगाए गए हैं। मगर हमेशा की तरह इन पर धांधली की आशंका बनी हुई है। क्रय केंद्र पर तौल पारदर्शिता से नहीं हो रही। किसानों के साथ धोखाधड़ी हुई तो आंदोलन किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने कहा कि सदर तहसील में भ्रष्टाचार चरम पर है। छोटे-छोटे कार्यों को कराने में भी किसानों को महीने लग जाते हैं। शोषण थमने का नाम नहीं ले रहा है। योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं मिल पा रहा। इस मौके पर मोहम्मद अहमद, दौलत सिंह,बालमुकुंद प्रजापति, सोमपाल वर्मा, डोरीलाल पाल, रामकुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# डकैती में नप गए इंस्पेक्टर, बीडीओ को भारी पड़ी बीडीसी सदस्य की नाराजगी

संवाददाता, पूरनपुर

- व्यापारी सुनील गुप्ता के घर 30 जनवरी को पड़ी थी 40 लाख की डकैती
- ब्लॉक के ठेकों को लेकर बीडीओ और बीडीसी महासंघ आ गए थे आमने-सामने

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले तहसील में तीन अधिकारियों का तबादला कर दिया गया। तहसीलदार हबीबुर्रहमान को कलीनगर भेजा गया है। खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार तबादला बीसलपुर कर दिया गया। वहीं, एसएसपी ने पूरनपुर कोतवाल प्रवीण कुमार को लाइन हाजिर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के बंडा मार्ग पर स्थित रम्पुरा गांव में व्यापारी सुनील गुप्ता के घर 30 जनवरी की रात आठ बजे डकैती पड़ी थी। डकैतों ने परिवार को बंधक बनाकर 40 लाख की लूटपाट की थी। तत्कालीन एसपी अतुल शर्मा ने घटना के खुलासे के लिए टीम बनाकर प्रयास किए लेकिन असफल रहे। नवागत एसपी अविनाश पांडेय ने चार्ज लेने से पहले घटनास्थल का दौरा किया था। स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया था कि डकैती के खुलासे तक सोना नहीं है। पुलिस की चारों टीमें दिनरात खुलासे में जुटी रहीं। मगर कोतवाल प्रवीण कुमार घटना को लेकर नवागत एसपी की कसौटी पर खरे नहीं उतरे। इस पर एसपी ने उन्हें पुलिस लाइन भेज दिया है। इंस्पेक्टर संजीव कुमार शुक्ला को पूरनपुर कोतवाली का प्रभारी बनाया गया है। वह अभी तक सुनगढ़ी थाने के प्रभारी निरीक्षक थे। सुनगढ़ी थाने की कमान पवन कुमार पांडे को को सौंपी गई है।

इधर, क्षेत्र पंचायत के ठेकों की सौदेबाजी पर बीडीसी सदस्यों के विरोध पर खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह कार्रवाई की जद में आए हैं। उन्हें बीसलपुर भेजा गया है। वहीं, बीसलपुर के बीडीओ शीरीष वर्मा को पूरनपुर का दायित्व मिला है। पिछले एक पखवाड़े से ब्लॉक सियासी अखाड़ा बना है। क्षेत्र पंचायत के करीब 4.50 करोड़ रुपयों के ठेकों को लेकर सौदेबाजी और अकाउंटेंट के साथ अभद्रता की घटना पर बीडीओ और पूर्व ब्लॉक प्रमुख के पति अतेंद्रपाल सिंह आमने-सामने थे। बीडीसी सदस्य बीडीओ के विरोध में लामबंद हुए थे। पिछले दिनों उन्होंने दोबारा धरना दिया था। इसके बाद एसडीएम ने तीसरी बार जारी टेंडर निरस्त कर दिए थे और अब शुक्रवार को अरुण कुमार सिंह के ट्रांसफर की सूचना जारी हो गई।

वहीं, तहसीलदार हबीबउर्रहमान को कलीनगर तहसील की जिम्मेदारी सौंपी गई है। चर्चा है कि हाल में एक जनप्रतिनिधि उनसे असंतुष्ट हो गए थे।

## एक नजर

### 19 दिन बाद दर्ज हुई ई-रिक्शा चोरी की रिपोर्ट

**पीलीभीत।** बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम जिरौनिया निवासी झंकार सिंह ने सुनगढ़ी थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता भूपराम ने जनवरी 2024 में ई-रिक्शा खरीदा था। 26 फरवरी को वह ई-रिक्शा लेकर सवारियां लेने पीलीभीत आए थे। देर शाम घर लौटते समय बीसलपुर रोड पर एक खाद की दुकान के पास ई-रिक्शा खड़ा करके काम से चले गए। कुछ देर बाद लौटे तो ई-रिक्शा चोरी हो चुका था। काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिला। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### ग्रामीणों से सीएए का समर्थन करने की अपील

**बरखेड़ा।** राष्ट्रीय युवा क्रांति मोर्चा के अध्यक्ष चौधरी नलिन सिंह ने टीम के साथ शुक्रवार को ज्योराह कल्याणपुर, भोपतपुर, दौलतपुर, अमखेड़ा, लखनऊ कलां, अरसिया बोझ, बरखेड़ा यासीन आदि गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने सीएए का समर्थन करने के लिए जनता को प्रेरित किया। भाजपा सरकार की उपलब्धियां भी बताई। कहा कि इस मौके पर सुरेश भोजवाल ,हेमनाथ भोजवाल, संतोष कुमार पटेल,विनय ,बबलू ,टीकाराम भोजवाल ,भुवनेश्वर दयाल शर्मा, अमराराम बालेसर आदि मौजूद रहे।

### महिला से मारपीट की रिपोर्ट

**बरखेड़ा।** कस्बे के वार्ड नंबर सात निवासी सतीश कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 मार्च की रात करीब नौ बजे उसकी पत्नी मंजू को पड़ोसी जोगा, टाटू व उमाचरन ने गाली गलौज के बाद पीटा। आसपास के लोगों के जमा होने पर धमकी देकर भाग गए। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच करा रहे हैं।

# जिला जज ने निरीक्षण के दौरान जानी बंदियों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



जेल से बाहर निकलते जिला जज व अन्य।

**अमृत विचार :** जिला जज जितेंद्र कुमार सिन्हा, डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय ने शुक्रवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला जज ने बंदियों के बैरक, किशोर बैरक, महिला बैरक, भोजनालय, पुस्तकालय और अस्पताल में जाकर देखा। उन्होंने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक को महिला बंदियों को प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीमार कैदियों से भी बातचीत कर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

साफ सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज सुनील कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूजा गुप्ता, जेल अधीक्षक राजेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

# मिल में करंट लगने से एक मजदूर की मौत, हंगामा

संवाददाता, पूरनपुर



घटना के बाद विलाप करते मृतक के परिवार वाले।

- तीन मजदूर झुलसे, मृतक के परिजनों ने नहीं उठने दिया शव

**अमृत विचार :** एक राइस मिल में चल रहे निर्माण कार्य के दौरान मिक्सर में करंट उतरने से चार मजदूर झुलस गए। इनमें उपचार के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई।

पूरनपुर बंडा मार्ग स्थित राइस मिल में पिछले कई दिनों से निर्माण कार्य चल रहा है। शुक्रवार को मिल में दर्जन भर मजदूर निर्माण काम कर रहे थे। शाम करीब पांच बजे सीमेंट और कंक्रीट मिलाने वाली मिक्सर मशीन में करंट उतर आया। इससे मजदूर सुआबोझ गांव निवासी रोहित (15) पुत्र रुपराम व सतीश (16) पुत्र रामऔतार, गैरतपुर जप्ती गांव का दीपक (21) पुत्र ओमप्रकाश, रानीखेड़ा का दुर्लभ (15) पुत्र ओमप्रकाश करंट की चपेट में आकर झुलस गए। वहां मौजूद अन्य मजदूरों ने बिजली लाइन बंद की। सभी को कस्बे के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। यहां से परिजन दीपक को ले गए और बंडा रोड किनारे रेत में दबाकर उपचार करते रहे। हालत सुधार नहीं हुआ तो दीपक को सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया। जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर देर रात विधायक बाबूराम पासवान भी सीएचसी पहुंच गए। सीओ वहां पहुंचे आलोक कुमार ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा। मगर परिवार की महिलाए भिड़ गई। इनका कहना था कि पिता आकर ही आगे की बात तय करेंगे।

## सार-संक्षेप

### 170 परीक्षार्थियों ने दी ट्रिपल सी की परीक्षा

**पीलीभीत।** जिले में पहली बार ट्रिपल सी की परीक्षा का आयोजन किया गया। इससे पहले परीक्षार्थियों को बाहर जाना पड़ता था। जिले में शुक्रवार को कराई गई ट्रिपल सी की ऑनलाइन परीक्षा में 170 परीक्षार्थी शामिल रहे। यह परीक्षा लखनऊ से आए नाइलिट पर्यवेक्षक प्रशांत के नेतृत्व में संपन्न कराई गई। सीसीटीवी कैमरे से परीक्षा की निगरानी की गई।


### आयुष्मान कार्ड बनाने में मंडल में पीलीभीत सबसे आगे

**पीलीभीत।** महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान को लेकर गोल्डन कार्ड बनाने की गति तेज हो गई है। समस्त स्वास्थ्य केंद्रों व गांव-गांव जाकर कैंप लगाए गए। इसका असर भी दिखाई दिया है। पीलीभीत मंडल में पहले पायदान पर चल रहा है। जबकि प्रदेश में 18वें स्थान पर है। जिले में अभी तक सात लाख 78 हजार गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। जोकि करीब 78 फीसदी है। अभी करीब दो लाख के आसपास कार्ड बनना शेष हैं। जिसको लेकर टीमें लगातार काम कर रही है। अन्य जिलों की तुलना जिले की पोजीशन अच्छी चल रही है। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि आयुष्मान योजना में जिला मंडल में पहले स्थान पर चल रहा है। जबकि प्रदेश में 18 वें स्थान पर है। लगातार प्रयास जारी है।

### मोबाइल टॉवर पर चढ़ा युवक, पुलिस ने उतारा

**पीलीभीत।** बंटवारे के विवाद में एक युवक शुक्रवार को मोबाइल टावर पर चढ़ गया। घटना गांधी स्टेडियम रोड पर हुई। राहगीरों से सूचना मिलने पर सुनगढ़ी पुलिस मौके पर पहुंची और बात की। इस पर दस मिनट बाद ही युवक खुद नीचे उतर आया। पुलिस ने युवक के परिवार वालों को भी बुलाया। दोनों पक्षों में सुलह होने पर परिजन युवक को साथ ले गए। टावर पर चढ़ा युवक नशे की हालत बताया जा रहा था।

### नगरीय पीएचसी जोशीटोला को मिला सांत्वना पुरस्कार



**पीलीभीत।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जोशीटोला में कायाकल्प अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। इसकी एसीएमओ डॉ. हरिदत्त सिंह नेमी ने विस्तार से जानकारी दी। कायाकल्प अवार्ड स्कीम के तहत वर्ष 2021-22 और वर्ष 2022-23 में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयन होने पर समस्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डा. आलोक कुमार की ओर अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रवीन कुमार पाल, डॉ. कीर्ति सिंह, डॉ. समृद्धि गुप्ता, डॉ. हरमन प्रीत सिंह, फार्मासिस्ट तेजप्रकाश, अमरेश कुमार को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान सभी ने अपने अनुभव को साझा किया। इधर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद नाजिर ने कायाकल्प में कैसे प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया जाए। उसके लिए महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए। इस दौरान एसीएमओ डॉ. छत्रपाल, एमएच कंसलटेंट नितिन गंगवार , अनिल कुमार,अमित कुमार, अरविंद कुमार, संत कुमारी, राजेश्वरी देवी, सोनी सक्सेना, सुनीता देवी, गीता देवी, राजीव कुमार आदि रहे।

# होली पर शहर की सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश



ईओ को सफाई व्यवस्था को लेकर निर्देशित करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

**पीलीभीत।** राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने शुक्रवार को अपने आवास पर जन समस्याएं सुनी और निस्तारण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। नगर पालिका के ईओ और अवर अभियन्ता से होली पको देखते हुए साफ सफाई की समुचित व्यवस्था कराने व निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत अमरिया निवासी प्रदीप कुमार, अमित गुप्ता, विजय कुमार, परमेश्वरी दयाल, विशाल गुप्ता, लेखराज, शेर सिंह, प्रमोद कुमार, मनी कुमार आदि ने प्रार्थना पत्र दिया। वर्षो पुराने श्मशान भूमि को राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराने की मांग की। श्मशान भूमि अभी तक खलिहान के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है।

# दूसरे दिन पंडरी गांव के पास दिखा बाघ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- गुरुवार को बाघ ने किया था किशोर पर हमला

**अमृत विचारः** किशोर पर हुए बाघ हमला करने के दूसरे दिन शुक्रवार को बाघ पंडरी गांव के नजदीक दिखा। इससे ग्रामीण खासे दहशत में हैं। ग्रामीणों के मुताबिक शुक्रवार सुबह भी बाघ गांव के नजदीक देखा गया। फिलहाल टीमें निगरानी में लगी हैं।

पीटीआर की महोफ रेंज से सटे गांव पंडरी में गुरुवार को बाघ ने खेत में घास काटने गए किशोर पर हमला कर दिया था। घायल किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद फील्ड डायरेक्टर विजय सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर पड़ताल की थी। इधर, शुक्रवार को बाघ की लोकेशन गांव के आसपास देखी गई। बाघ की चहलकदमी से किसानों ने खेतों पर जाना बंद कर रखा है। जरूरी काम होने पर ग्रामीण समूह बनाकर जा रहे हैं। निगरानी टीमों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। इधर, सामाजिक वानिकी प्रभाग के डिप्टी डायरेक्टर शेर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को बाघ की लोकेशन गांव हरकिशनापुर के आसपास होने की सूचना मिली है। फिलहाल इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

### गुरुद्वारे के पास पहुंचा बाघ, लोगों में दहशत

**माधोटांडा।** मथना जप्ती गुरुद्वारे के पास बाघ की चहलकदमी से लोगों में खासी दहशत है। ग्रामीणों के मुताबिक बाघ माइनर के पास ही काफी देर तक टहलता रहा। बाघ की चहलकदमी से आवागमन भी बाधित रहा। इस बीच कुछ राहगीरों ने बाघ की चहलकदमी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दिया। लगातार बाघ की चहलकदमी से राहगीरों में दहशत बनी हुई है। इसके बावजूद अधिकारियों द्वारा कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहे हैं। बताते हैं कि तीन दिन पहले भी रोड पर बाघ टहलता दिखाई दिया था।

# खुटार पुलिस ने छापा मारकर एक पकड़ा

**पूरनपुर, अमृत विचारः** शाहजहांपुर जनपद की की खुटार रेंज के सिहुरा क्षेत्र के सिंहपुर वीट के हर्रायपुर के कंपार्टमेंट चार में जनवरी में साल के 11 पेंडों को चोरी से काट लिया गया था। वन दरोगा पुष्पेंद्र कुमार कनौजिया की ओर से पूरनपुर क्षेत्र के गांव शेरपुर कलां के आसिफ, इमरान,नन्हे,अहमद नूर खां,फरमोद खां व सेहरामऊ क्षेत्र के गांव केसरपुर निवासी मोबीन सहित 12 के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। गुरुवार रात खुटार पुलिस ने शेरपुर कलां में दबिश दी। लकड़ी चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी फरमोद को पुलिस ने घर से पकड़ लिया। उसे टीम अपने साथ ले गई।

# इस्तेमाल से पहले जर्जर होने लगे लाखों खर्च करके बने सरकारी भवन

## किसी भवन पर लोगों ने कर रखा है कब्जा, कहीं संसाधनों का अभाव, पंचायत भवन में ग्रामीणों को तहसील जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की है योजना

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** लाखों रुपये खर्च करके बनाई गईं सरकारी इमारतें धूल चाट रही हैं। इन भवनों में ग्रामीणों को तमाम जरूरी सुविधाएं मुहैया कराए जाने की योजना है। मगर जिम्मेदारों की लापरवाही से पंचायत भवन व दूसरी बिल्डिंग इस्तेमाल होने से पहले जर्जर होने लगी हैं। कई सरकारी भवन में लोगों ने अवैध कब्जा है तो कहीं काम करने के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। इनमें ग्राम पंचायतों में बनाए गए पंचायत भवन भी शामिल हैं।

करीब तीन साल पहले ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बनवाए गए थे। एक-एक पंचायत भवन के निर्माण में 14 से 16 लाख रुपये तक खर्च किए गए थे। इन पंचायत भवनों में तहसील जैसी सुविधाएं मुहैया कराने की योजना थी। ग्राम पंचायत में होने वाली बैठकें भी यहीं आयोजित की जाएंगी। यहां सचिव व अन्य जिम्मेदार कर्मचारी भी मौजूद रहकर काम करेंगे। पंचायत घरों में कंप्यूटर, फर्नीचर आदि जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जानी थीं। इसके अलावा पंचायत सहायकों की भर्ती की गई थी। मगर अभी तक यह योजना कागजों तक सीमित है।

अभी तक अधिकांश पंचायत भवन किसी काम में नहीं आ सके हैं। करेली के पंचायत भवन में पुलिस वाले कब्जा जमाए हैं, जिसे लेकर कुछ दिन पहले बीडीओ बिलसंडा ने एसओ करेली को नोटिस भेजा था। मगर पुलिस कर्मियों ने अवैध कब्जा फिर भी नहीं छोड़ा। पूरनपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत रुद्रपुर का भवन बाहर से काफी व्यवस्थित दिखता है। पंचायत भवन की दीवारों पर रोजगार सेवक, पंचायत सहायक, प्रधान और सचिव के नाम भी लिखे हैं। मगर पंचायत कार्यलय के अंदर सिर्फ बदहाली नजर आ रही है। यहां अभी तक बिजली कनेक्शन नहीं हो सका है। इसके अलावा कुर्सी, मेज, अलमारी, दरी, कंप्यूटर आदि कुछ भी सामान नहीं है। बताया जाता है कि करीब 1.75 लाख रुपये से सामान खरीदा गया था। यहां पंचायत सहायक आते हैं और औपचारिकता निभाकर लौट जाते हैं।



ग्राम पंचायत रुद्रपुर में बना पंचायत भवन। ● अमृत विचार


रुद्रपुर के पंचायत भवन में गंदगी से पटा शौचालय।

### पंचायत सहायक बोला- नहीं मिला अभी तक कोई संसाधन



मेरी नियुक्ति ग्राम पंचायत रुद्रपुर में पंचायत सहायक पद पर दिसंबर 2022 में हुई थी। पंचायत भवन में अभी कोई संसाधन नहीं मुहैया कराया जा सका है। आकर कुछ देर बैठते हैं, लेकिन कोई काम नहीं हो पा रहा। बिजली का कनेक्शन भी नहीं है। सुरक्षा के लिहाज से भी अभी खास काम नहीं हो सका है। अगर सिस्टम को कमरे में रख भी दिया जाए तो उसे खराब या फिर चोरी हो सकता है।

**– पंकज कुमार, पंचायत सहायक,** ग्राम पंचायत रुद्रपुर

### सचिव बोले- सारा सामान पंचायत भवन में ही है



रुद्रपुर ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में लगातार कामकाज चल रहा है। किसी तरह की दिक्कत ग्रामीणों को नहीं होने दी जा रही है। यह बात गलत है कि पंचायत भवन के लिए खरीदा गया सामान – संसाधन वहां पर नहीं है। सारा सामान पंचायत भवन में ही रखा हुआ है। उसका इस्तेमाल भी हो रहा है।

**– सुरेश वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी रुद्रपुर**

"ग्राम पंचायतों में बनवाए गए सचिवालयों में संसाधन मुहैया कराए गए हैं। रुद्रपुर के पंचायत भवन में अगर संसाधन मुहैया नहीं है। काम प्रभावित हो रहा है। तो इसके बारे में जानकारी कराई जाएगी। समस्या का समाधान गंभीरता से कराएंगे। अन्य भवनों को भी दिखवाएंगे।

**–सतीश कुमार,** डीपीआरओ

**15** लाख रुपये खर्च करके बने रुद्रपुर के पंचायत भवन में सामान न बिजली कनेक्शन

**40.21** लाख से सपा शासनकाल में बना कृषि विपणन केंद्र बेहाल

# 40.21 लाख रुपये की लागत से बने कृषि विपणन केंद्र की दीवार ढही

**बिठौराकलां।** सरकारी खर्च पर बनाए गए भवनों की दुर्दशा की दूसरी तस्वीर बिठौराकलां क्षेत्र से है। बताते हैं कि सपा शासनकाल में 2012-13 में यहां पर 40.21 लाख रुपये की लागत से कृषि विपणन केंद्र बनवाया गया था। टिनशेड के साथ ही कुछ गोदाम बनाए गए थे। इसके अलावा चहारदीवारी कर दी गई थी। मगर देखरेख के अभाव में यहां का हाल बदतर हो चुका है।

ग्रामीणों की मानें तो आज तक वह भी नहीं समझ पाए कि आखिर इतनी रकम खर्च कर इसे बनवाया ही क्यों गया? आलम ये है कि चहारदीवारी टूटती गई और अब तो देखकर अंदाजा ही नहीं लगाया जा सकता कि कभी यहां बाउंड्री थी। कुछ ग्रामीणों ने इसे बाजार के रूप में इस्तेमाल कराने के लिए मांग भी की थी। लेकिन उस पर भी कोई कदम नहीं उठाए गए।


ग्राम पंचायत बिठौराकलां में बना कृषि विपणन केंद्र।

### ईंटें भी हो गईं गायब



बिठौराकलां मंडी परिसर में बनी बाउंड्री तोड़ने के साथ ही ईंटें भी गायब हो चुकी है। पुराने और दो नए कमरों में अतिक्रमण हो चुका है। कोई देखरेख नहीं हुई। ऐसे में टिनशेड और गोदाम जीर्ण शीर्ण अवस्था में हैं। अगर इसे अभी ठीक से संचालित किया जाए तो आय बढ़ने के साथ ही विकास होगा।

**– गोपाल मिश्रा, बिठौराकलां**

### दुकानें बनाकर करें अलॉट अतिक्रमण हटाया जाए



ग्राम पंचायत से ही उस वक्त बिठौराकलां मंडी के लिए जगह दी गई थी। ताकि विकास के साथ-साथ रोजगार भी बढ़ सके। मगर ऐसा कुछ हुआ नहीं। अभी भी इसे व्यवस्थित कर दुकानें बनवा दी जाएं। जिसे लोगों को अलॉट कर किराया लें। इससे आय भी बढ़ेगी।

**– जसपाल, बिठौराकलां**

### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान



अभी तक जो ध्यान नहीं दिया गया। उसकी बात क्या करना। अगर अभी भी बिठौराकलां में मंडी की इस जगह का कायाकल्प करा दिया जाए तो गांव की तरक्की हो सकेगी। जगह इतनी है कि मार्केट तक बन सकती है। जिससे रोजगार का साधन भी बढ़ेगा। जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में ध्यान देकर आवश्यक कदम उठाएंगे तो सूरत बदलने में देर नहीं लगेगी।

**– सोहनलाल भारती, बिठौराकलां**

## समावेशी शिक्षा के दूसरे चरण का प्रशिक्षण समाप्त

**पूरनपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर समेकित शिक्षा के अंतर्गत समावेशी शिक्षा के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 11 मार्च से चल रहा था। शुक्रवार को शिक्षकों के इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन कर दिया गया। अन्तिम दिन शिक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव ने विद्यालयों में अध्ययनरत विशिष्ट आवश्यकताओं वाले बच्चों की पहचान कर शिक्षा में प्रयोग होने वाली शिक्षण सामग्री, दिव्यांगजनों की शिक्षा में सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी के साथ समर्थ एप के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। राजेन्द्र सिंह ने मूक वधिर बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करते हुए उनकी दी जाने वाली सुविधाएं को बताया। दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए नोडल शिक्षक के साथ अभिभावक के समन्वयक स्थापित करने के बारे में भी बताया गया। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह ने प्रशिक्षण का समापन किया।

## लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत बूथ पर घूमे विधायक

**बरखेड़ा।** लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भाजपा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने क्षेत्र के बूथ संख्या 272 काजरबोझी के अंतर्गत ग्राम प्रतापडांडी में लाभार्थियों से संपर्क किया। संपर्क अभियान के दौरान मंडल अध्यक्ष प्यारे लाल, महामंत्री वीरेंद्र शर्मा, चंद्र पाल दिवाकर, आईटी संयोजक हरीराम शर्मा, आतिफ अंसारी आदि मौजूद रहे। विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।

# दो पालियों में होंगी परिषदीय स्कूलों की परीक्षाएं, तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **शासन ने बदला शेड्यूल, जिले के 1503 विद्यालयों में 195746 बच्चे देंगे परीक्षा**

**अमृत विचार :** अब 20 मार्च से परिषदीय स्कूलों की परीक्षा शुरू होंगी। जिसमें 1503 विद्यालयों के पौने दो लाख से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। हालांकि अभी भी अधिकांश विद्यालयों में कोर्स तक पूरा नहीं हुआ है। अधूरी पढ़ाई के बीच बच्चे परीक्षा में बैठेंगे।

बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने पत्र जारी कर परिषदीय स्कूलों में होने वाली परीक्षा की तिथि 20 मार्च से 27 मार्च तक होने की जानकारी दी है। पहले ये परीक्षा 16 मार्च से होनी थी। अब परीक्षा 20 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक चलेगी। इसके बाद 24, 25 और 26 तारीख को होली अवकाश रहेगा। परीक्षा के लिए पेपर जिला स्तर पर डायट के माध्यम से तैयार किए जाने हैं। जिसमें बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। जिले में 294 कंपोजिट, 932 प्राथमिक और 277 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं। नगर के क्षेत्र में 17 स्कूल चल रहे हैं। परिषदीय स्कूलों में पंजीकृत छात्र-छात्राओं की संख्या 2,27,485 है। 31 मार्च को परीक्षाफल घोषित कर प्रगति रिपोर्ट का वितरण किया जाएगा। स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा एक के बच्चे सिर्फ मौखिक परीक्षा के आधार पर पास कर दिए जाएंगे। जबकि कक्षा दो से पांच तक के बच्चों को लिखित और मौखिक परीक्षा दोनों देनी पड़ेगी। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों को केवल लिखित परीक्षा देनी होगी। वार्षिक परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। इसमें सुबह 9:15 से 11:45 बजे तक और दोपहर 12:15 से 2:45 बजे तक होगी।

"परीक्षा का शेड्यूल बदला गया है। जिसके तहत अब 16 से नहीं 20 मार्च से परीक्षाएं होंगी। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पेपर भी आ चुके हैं। प्रधानाध्यापकों को इसके मॉडल की भी जानकारी दे दी गई थी। नियमानुसार तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जाएगी।

**– अमित कुमार सिंह,** बीएसए

### सार-संक्षेप

## होली पर जरुरतमंदों को वितरित किए वस्त्र



**बिलसंडा।** होली को देखते हुए ग्राम पंचायत जादौपुर नथा के प्रधान संजय पांडे ने शुक्रवार को जरुरतमंदों और ग्राम पंचायत सदस्यों को वस्त्र वितरित किए। भाईचारे और खुशनुमा माहौल में पर्व मनाने की अपील की गई। इस मौके पर रामऔतार ,कामता प्रसाद, सीताराम, अमरपाल सिंह, सत्यपाल, रामकृष्ण आदि मौजूद रहे।

## खाटू श्याम भक्तों ने निकाली निशान यात्रा



**बीसलपुर।** श्री खाटू श्याम सेवा जन्मोत्सव निशान शोभायात्रा शुक्रवार को नगर में धूमधाम से निकाली गई। भजनों पर थिरकते हुए भक्त चल रहे थे। कई जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत श्री खाटू श्याम सेवा परिवार चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मोहल्ला साहूकारा स्थित स्थित खाटू श्याम मंदिर से निशान शोभायात्रा शुरू की गई। सबसे आगे श्रद्धालु खाटू श्याम के ध्वज को लेकर जय-जयकार करते हुए चल रहे थे। सिंहासन पर विराजमान खाटू श्याम की फूलों से सजी हुई झांकी आकर्षण का केंद्र रही। निशान शोभायात्रा छोटा चौराहा, सर्राफा बाजार, नगर पालिका चौराहा, कोतवाली रोड बारह पत्थर चौराहा, गोपी टॉकीज मार्ग, होली चौराहा, सब्जी मंडी मार्ग, बड़ा स्थल चौराहा होती हुई खाटू श्याम मंदिर पर आकर संपन्न हुई। राहगीरों को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर साहू आलोक मित्तल, सभासद अनुपम मित्तल, शरद मित्तल, अनुज मित्तल, सुधांशु ,अंशुल, अश्वनी, निधि,पूजा आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। वृंदावन से आए अमन मिश्री की ओर से खाटू श्याम के भजन प्रस्तुत किए गए।

## भुड़िया कॉलोनी ने पूरनपुर को हराया

**मझोला।** नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के मैदान पर शुक्रवार से क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत की गई। 13 ड्रीम्स कंसलटेंट अंतर राज्य क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत नगर पंचायत चेयरमैन निशांत प्रताप सिंह, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी सिमरनजीत सिंह के पिता सरदार इकबाल सिंह ने संयुक्त रुप से की। पहले दिन पूरनपुर क्रिकेट क्लब और भुड़िया कॉलोनी अमरिया के बीच मैच खेला गया। पूरनपुर की टीम 91 रन पर ऑल आउट हो गई। भुड़िया कॉलोनी की टीम ने सात विकेट से मैच जीता। भुड़िया कॉलोनी के संजय मैन आफ द मैच रहे। इस मौके पर अमरदीप सिंह, दलजीत सिंह, दिलशाद,अमन,हरमनदीप, विजय कुमार, हरमन , राजू मल्ली, विकास अग्रवाल,अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

# छात्रों ने गले मिलकर सहपाठियों को दी विदाई

संवाददाता, पूरनपुर

- **भगवंतापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव**

**अमृत विचार:** परिषदीय स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने गले मिलकर विदाई ली। प्रतियोगिताएं भी हुईं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

भगवंतापुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह हुआ। छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा आठ के छात्रों ने सहपाठियों से गले मिलकर विदाई ली। दौड़,पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई। बालक वर्ग में सौ एवं दो सौ मीटर में अमित कुमार ने पहला, विशाल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर में बिपाशा ने पहला और ज्योति ने दूसरा स्थान पाया। दो सौ मीटर में विपाशा ने प्रथम और राजनंदनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में पुष्पांजलि ने प्रथम और ज्योति ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में कीर्ति ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक सूर्यप्रकाश गंगवार, प्रधान सतीश गिरी, राजेश, संतोष कुमार पासवान, विमल कुमार, विश्वनाथ सिंह कुशवाहा, अर्जुन सिंह गंगवार, शुभम शुक्ला, पूरनलाल, लक्ष्मी आदि रहे।



पुरस्कृत किए गए बच्चे और साथ में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

# गन्ना के अभाव में सहकारी चीनी मिल में पेराई बंद

**पूरनपुर, अमृत विचार:** सहकारी चीनी मिल गन्ने के अभाव में बंद हो गई। मिल प्रशासन ने पेराई सत्र समाप्त करने का प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है। पर्याप्त गन्ना न पहुंचने पर पेराई सत्र समापन की घोषणा कर दी जाएगी।

पूरनपुर सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र तीन दिसंबर 2023 से शुरू हुआ था। पूरे पेराई सत्र में चीनी मिल तकनीकी खामियों से जूझती रही। पिछले एक सप्ताह से मिल गन्ने के अभाव में रुक रुक कर चल रही है। शुक्रवार सुबह दस बजे मिल एक बार फिर गन्ने के अभाव में बंद हो गई। दिन में भी गिनी चुनी गन्ने से भरी ट्राली मिल परिसर में पहुंची। बंद होने पर पहुंचने वाले गन्ने को एकत्र किया जा रहा है। पर्याप्त गन्ना पहुंचने पर मिल को चालू कर शेष गन्ने की पेराई की जाएगी। इसके बाद गन्ना न पहुंचने पर इस बार के पेराई सत्र के पूरे होने की घोषणा करते हुए मिल बंद की जा सकती है। शुक्रवार शाम तक मिल कुल 18 लाख 73 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई इस सत्र में की जा चुकी है। लगभग पांच हजार कुंतल गन्ना यार्ड में भी मौजूद है। क्षेत्रीय गन्ना अधिकारी अजय यादव ने बताया कि गन्ने की आवक बंद हो गई है। मिल को बंद से पहले शेष गन्ना आपूर्ति के लिए प्रचार वाहन भी क्षेत्र में घुमाया जा रहा है। गन्ने से भरी कुछ ट्रालियां पहुंची है।

# ऑपरेशन कराने के बाद चली गई आंख की रोशनी

संवाददाता, खुटार

- **पीलीभीत के डॉक्टर पर गलत तरह से ऑपरेशन किए जाने का लगाया आरोप**
- **पीड़िता ने मुख्यमंत्री जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर की कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार:** खुटार निवासी एक महिला ने डेढ़ माह पहले अपनी आंख का ऑपरेशन पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में कराया था। आरोप है कि ऑपरेशन गलत तरीके से करने की वजह से उसकी आंख की रोशनी चली गई। इस मामले में पीड़ित ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है।

खुटार के गांव रौतापुर कलां निवासी राम बहादुर की पत्नी सुदामा देवी ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में बताया कि 28 जनवरी 2024 को वह अपनी आंखों का इलाज कराने पीलीभीत के कस्बा सेहरामऊ उत्तरी के कजरी निरंजनपुर में स्थित राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल मेडिकेयर अस्पताल गई थीं। जहां आयुष्मान कार्ड से डॉक्टरों ने उसकी आंख का ऑपरेशन किया। इसके बाद दवाएं देकर घर भेज दिया गया। मगर उसे ऑपरेशन वाली आंख से कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। वह हॉस्पिटल में दिखाने गई तो दवा देकर वापस भेज दिया गया। दवा खाने के बाद भी उसे आराम नहीं मिला। तीसरी बार जाने पर कह दिया गया कि आंख पूरी तरह से खराब हो गई और अब ठीक नहीं होगी। आरोप है कि धक्का मुक्की कर अस्पताल से भगा दिया था। पीड़ित सुदामा देवी ने एक निजी चिकित्सक के यहां आंख का चेकअप कराया। जांच करने पर पता चला कि आंख का गलत तरीके से ऑपरेशन हुआ है। जिससे आंख खराब हो गई है और अब इसका इलाज संभव नहीं है। पीड़िता सुदामा देवी का कहना है कि डॉक्टर ने गलत तरीके से आंख का ऑपरेशन कर दिया। जिससे आंख की रोशनी चली गई। मुख्यमंत्री से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

"महिला द्वारा आंख का ऑपरेशन कराया गया था। नियमानुसार दवा नहीं लेने की वजह से महिला की आंख में दिक्कत हुई है। जिसे दिखावाया जाएगा। महिला के साथ धक्का मुक्की और अस्पताल से भगाने का आरोप निराधार है।

**– डॉ . सुनील कुमार,** राजेंद्र प्रसाद मेमोरियल मेडिकेयर अस्पताल, कजरी निरंजनपुर


हर दर्द का इलाज करते हैं



डॉ. रूप किशोर

समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगु, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पता:- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्र:- 7895161674, 7906502059

## एक नजर

### बाथम वैश्य समाज के मेधावियों का होगा सम्मान

**गोला गोकर्णनाथ।** बाथम वैश्य महासभा के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि महासभा ने निर्णय लिया है कि वर्ष 2022 और 2023 में समाज के जिन छात्र-छात्राओं ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। ऐसे मेधावियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया जाएगा। ऐसे छात्र छात्राएं अपनी अंक तालिका की छाया प्रति 20 मार्च तक महासभा के अध्यक्ष के पास जमा कर दें।

### राशन कम देने का वीडियो वायरल, जांच शुरू

**निघासन।** गांव मिर्जागंज में कोटेदार द्वारा राशन कार्ड धारकों को एक किलो राशन कम देने का वीडियो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर राशन वितरण बंद कर दिया। एसडीएम अवनीश सिंह ने बताया कि कोटेदार द्वारा की गई घटतौली का वीडियो वायरल हुआ है, लेकिन किसी ने अभी शिकायत नहीं की है। फिर भी कोटेदार द्वारा की गई घटतौली पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं, पूर्ति निरीक्षक साधना श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। अब पता लगा है तो जांच कराई जाएगी और संबंधित कोटेदार पर कार्रवाई की जाएगी।

# डिवाइडर का विरोध, लगाया जाम, कमिश्नर से मिलने पहुंचे व्यापारी

## व्यापारी बोले- डिवाइडर से आने वाले दिनों में लगेगा जाम, विधायक ने समझाकर शांत किया, डिवाइडर नहीं बनाने को कहा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए संकटा देवी रोड पर बनाए जा रहे डिवाइडर का शुक्रवार को व्यापारियों ने विरोध करते हुए काम बंद करा दिया। गुस्साए व्यापारियों ने सुभाष पार्क के पास सीढ़ी लगाकर रास्ता जाम कर दिया। कमिश्नर को ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच गए। इसी बीच विधायक योगेश वर्मा पहुंच गए और उन्होंने व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत कर दिया। विधायक ने पालिका के ईओं को निर्देशित किया कि वह डिवाइडर के बिना ही सड़क का निर्माण कराएं। इससे व्यापारी खुश होकर लौट आए।

संकटा देवी रोड हॉट मिक्स से बननी है। इसके लिए रोड के दोनो तरफ नाले का लगभग निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। अब रोड के बीच में डिवाइडर का काम शुरू हो चुका है। करीब 20 से 25 फुट डिवाइडर बनते ही सड़क की चौड़ाई प्रभावित होता देखकर व्यापारियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। शुक्रवार सुबह सुभाष पार्क के पास सीढ़ी एवं स्कूटी आदि लगाकर सड़क जाम कर दी। इससे कई घंटे तक आवागमन प्रभावित रहा, जिससे शहरवासियों से लेकर संकटा देवी मंदिर जाने वाले भक्तों को असुविधा हुई।

व्यापारियों का कहना है कि सड़क की चौड़ाई इतनी नहीं है कि इस पर डिवाइडर बनाया जाए। इसके बनने से सड़क की चौड़ाई प्रभावित होगी, जिससे आने वाले दिनों में जाम की समस्या रहेगी, जिसका खामियाजा व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। संकटा देवी रोड बिना डिवाइडर के ही बनना उचित है, क्योंकि इस सड़क से ज्यादा चौड़ाई रोडवेज बस अड्डे वाली रोड की है। इसके बावजूद वहां पर रोजाना जाम लगती है। डिवाइडर तभी कारगर है जब एक लेन पर दो वाहनों का आवागमन हो सके। मगर, इस रोड पर दुकानों के सामने बाइक आदि खड़ी हो जाने से चार पहिया वाहन का निकलना मुश्किल हो जाएगा। इस दौरान राजू अग्रवाल, कमल अग्रवाल आदि तमाम व्यापारी मौजूद रहे।



सड़क पर डिवाइडर के विरोध में सीढ़ी लगाकर जाम लगाते व्यापारी। ● अमृत विचार



संकटा देवी रोड पर बनाए जा रहे डिवाइडर का विरोध करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### विधायक योगेश वर्मा बोले, बिना डिवाइडर बनेगी सड़क

डिवाइडर विहीन सड़क निर्माण की मांग को लेकर तमाम व्यापारी कमिश्नर के जनता दर्शन में पहुंच गए। इसकी भनक लगते ही सदर विधायक योगेश वर्मा भी वहां पहुंच गए। डीएम ऑफिस में सदर विधायक, ईओ संजय कुमार और व्यापारियों के बीच करीब 25 मिनट वार्ता चली। सदर विधायक ने ईओ को बिना डिवाइडर के ही सड़क का निर्माण कराने के लिए कहा है। इससे व्यापारियों में खुशी है।

### निर्माण पर लगा ब्रेक, व्यापारियों ने ली राहत

सदर विधायक के बिना डिवाइडर सड़क निर्माण कराने के आदेश के बाद ईओ ने निर्माण कार्य रुकवा दिया है। इससे व्यापारियों ने चैन की सांस ली है। व्यापारी राजू अग्रवाल ने बताया कि कलेक्ट्रेट में सदर विधायक आए थे, उन्होंने बिना डिवाइडर के ही सड़क का निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

> संकटा देवी मार्ग के डिवाइडर निर्माण के विरोध से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। फिलहाल निर्माण रोक दिया गया है। उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार निर्माण कराया जाएगा।
> – **संजय कुमार**, अधिशासी अधिकारी।

## बंदरों से ग्रामीण परेशान, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**मैलानी, अमृत विचार:** बंदरों के उत्पात से महिलाएं, दुकानदार, किसान सभी परेशान हैं। बंदरों की समस्या के समाधान के लिए इससे संबंधित अधिकारी आगे आने को तैयार नहीं हैं। ग्राम पंचायत वन विभाग को जिम्मेदार बता रहा है। वन विभाग के आला अधिकारी बंदरों की समस्या से पल्ला झाड़ रहे हैं।

गुरुवार शाम को ब्लॉक बांकेगंज के ग्राम पंचायत राजेपुर निवासी बहाजुद्दीन (13) पुत्र रोज़ अली को छत पर बन्दरों ने घेर लिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर जब तक परिजन छत पर लाठी डंडा लेकर पहुंचे तब तक बहाजुद्दीन को बंदरों ने काटकर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बंदरों के आतंक से शहर से लेकर गांव तक सभी परेशान है। आए दिन लोग बंदरों के काटने से घायल हो रहे हैं, बंदर महिलाओं को खाना बनाना तक दुश्वार कर देते हैं। खाना बनाती महिलाओं के हाथ से तक रोटियां छीनकर भाग जाते हैं।

# छह ट्रैक्टर ट्राली सीज 15 का किया चालान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर ईट ढोने सहित अन्य कामर्शियल कार्यों में उपयोग की जा रही छह ट्रैक्टर ट्रालियों को सीज कर दिया जबकि 15 ट्रैक्टर ट्रालियों का चालान कर 1,29,500 रुपए जुर्माना किया है।

प्रदेश में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं में मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर दो दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया था और ईंट, बालू आदि ढोने वाली ट्रैक्टर ट्रालियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के निर्देश सरकार को दिए थे। एसपी गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर ईंट, बालू समेत अन्य कामर्शियल उपयोग में लाई जा रही छह ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दी। साथ ही 15 ट्रैक्टर ट्रालियों का चालान कर 1,29500 रुपए शमन शुल्क लगाया गया है। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी ने बताया कि शहर क्षेत्र में निर्धारित समय सीमा के बाद भी चल रहे ट्रैक्टर ट्राली के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया है। कुल 15 चालान किए गए हैं। साथ ही ईंट आदि से भरी 06 ट्रैक्टर ट्राली सीज की गई हैं।

## एसएसबी ने पकड़ा दो लाख का कपड़ा

**पलिया कलां, अमृत विचार :** भारत से नेपाल ले जाया जा रहा करीब दो लाख रुपये का कपड़ा सीमा पर तैनात एसएसबी जवानों ने पकड़कर कस्टम को सौंपा।

एसएसबी 39वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट सतीश कुमार के अनुसार गौरीफंटा क्षेत्र में तैनात सहायक कमांडर प्रमोद कुमार जब अधीनस्थ जवानों के साथ सीमा के पिलर के निकट रात्रि ग्रस्त कर रहे थे, तो उन्होंने दो युवकों को साइकिल पर नेपाल की ओर सामान ले जाते देखा। जवानों ने उन्हें जब ललकारा तो वे सारा सामान छोड़कर नेपाल की ओर भाग गए। एसएसबी जवानों ने उसे एकत्र कर सीजर बना कस्टम के सुपुर्द किया। पकड़े गए कपड़े की कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी गई है।

# कमिश्नर को समस्याएं सुनाने के लिए उमड़े फरियादी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब के जनता दर्शन में शुक्रवार को जिले से भर से फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। शाम चार बजे तक फरियादी प्रार्थना पत्र हाथ में लिए लाइन में खड़े रहे। इसमें कई पीड़ित ऐसे थे, जो सालों से तहसील से लेकर डीएम कार्यालय पर लगने वाले जनता दर्शन में प्रार्थना पत्र देकर थक चुके थे। वहीं, फरियाद सुनाने आए कई लोगों को अफसरों ने रोक लिया। एसडीएम, तहसीलदार, लेखपाल गेट पर अंदर हॉल में डटे थे और फरियादियों को निस्तारण का भरोसा दिलाकर लौटा रहे थे। कुछ फरियादियों ने उनसे गुहार लगाई कि आपने तो कोई सुनवाई ही नहीं की, तभी आज मैडम के आगे दुखड़ा सुनाने आए हैं।

कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार सुबह 11 बजे कलक्ट्रेट सभागार पहुंचकर जनता दर्शन में शिकायतें सुननी शुरू कर। यह सिलसिला शाम चार बजे तक चलता रहा। इस दौरान कुल 223 शिकायतें सुनी गईं, जिसमें से कुछ शिकायतें जिम्मेदारों को भेज कर निस्तारित कराईं गईं। जबकि अन्य का शिकायतों का समय पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए के संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कृषक दुर्घटना बीमा के मामले देखकर कमिश्नर ने इनका निस्तारण करने के लिए तहसील मुख्यालय पर कैंप लगवाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। एक पीडित ने बताया कि एसडीएम न्यायालय पर बंटवारा वाद विचाराधीन है, जिसमें लेखपाल पुष्पलता आख्या नहीं भेज रहीं है। इस पर कमिश्नर ने लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों की जवाबदेही तह करने के लिए कहा। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, एएसपी पवन गौतम सहित सभी एसडीएम व सभी विभागों के जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में लोगों की समस्याएं सुनतीं कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब।

● **अधिकारी भरोसा देकर लौटाने लगे तो बोले- मिलै देव साहब मैडम से वही सुनिहैं...आप तौ सुनेउ नाहीं**

### कमिश्नर की दो टूक, जिले में हो शिकायतों का निराकरण

कमिश्नर ने तहसील स्तर पर निराकरण होने वाली जनशिकायतों की भरमार देखकर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है। शिकायतों का जिले में ही निस्तारण किया जाए, जिससे पीडित अपनी शिकायत लेकर बेवजह लखनऊ की दौड़ न लगाएं। मंडलायुक्त ने डीएम को जनसुनवाई में आई शिकायतों का सात दिन में निराकरण कराने, तहसील से लेकर जिलास्तर पर बेहतर सुनवाई कर समय पर निस्तारण कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि संबंधी व आपसी लड़ाई-झगड़े की आईं। तहसील स्तर पर वरासत व भूमि अभिलेखों से संबधित शिकायतें भी बहुत आईं।



ग्राम पिपरा उद्यान मजरा रुकनापुर निवासी सवितादीन ने बताया कि कृषि योग्य आवासीय पट्टा स्वीकृत के लिए कई साल से तहसील व जिला मुख्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। जितनी बार भी प्रार्थना पत्र दिया, हर बार गलत रिपोर्ट लगाकर निस्तारण बता दिया जाता है। आज बड़ी उम्मीद लेकर प्रार्थना पत्र दिया है।



मितौली तहसील के खंतादेशू गांव निवासी भगवतशरण आनंद ने बताया कि 2019 से आवास स्वीकृत के लिए दौड़ रहे हैं। मगर, अभी तक आवास नहीं मिला। ऐसे में पन्नी तान पर परिवार संग रहने के लिए मजबूर हैं। ब्लॉक से लेकर तहसील और फिर जिला मुख्यालय पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता आया है। आज फिर आवास की फरियाद लगाई है।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
• Rich Library and well equipped Chemistry Lab • Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab • Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles • Smart Badminton & Volleyball • Creative and innovative method of teaching • Ventilated and Spacious Class Rooms • Experienced, dedicated & Caring staff • Emphasis on Co-Curricular activities • Ideal Infrastructure • Special Classes for weak Students • Regular Parent-Teacher meeting • Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.
Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

# सिस्टोन सीरप व लिव-52 में मिली गड़बड़ी, बिक्री बैन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● **अगस्त-2023 में दोनों दवाओं के भरे गए थे सैंपल**
● **राजकीय यूनानी औषधि प्रयोगशालाऊ में हुआ परीक्षण**

**अमृत विचार:** राजकीय विश्लेषक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी औषधि परीक्षण प्रयोगाशाला ने जिले में बिक रहे सिस्टोन सीरप व लिव-52 टेबलेट को अधोमानक बताया है। इन दोनो दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए लखनऊ स्थित प्रयोगशाला भेजे गए थे। जहां पर सिस्टोन सीरप में जहां शुगर की मात्रा अधिक मिली है तो वहीं लिव-52 टेबलेट अधोमानक मिली है। इस पर इन दोनो दवाओं की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है।

क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार ने बताया कि सिस्टोन सीरप (हिमालया वेलनेस कंपनी हुबली) का तीन अगस्त 2023 में और लिव-52 टेबलेट का सैंपल 26 अगस्त को लेकर जांच के लिए लखनऊ भेजा गया था।

इसकी जांच रिपोर्ट 15 मार्च को प्राप्त हुई है। इसमें सिस्टोन सीरप में शुगर की मात्रा 40 प्रतिशत से अधिक मिली है तो वहीं लिव-52 ( हिमालया वेलनेस कंपनी बंगलुरू ) टेबलेट में मंडूर भस्म का मिश्रण एवं दारू हरिद्रा का प्रयोग अधोमानक मिला है। जो सेहत के लिए नुकसानदाय है। दोनों दवाओं के अधोमानक मिलने पर इनकी बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान इन दोनो दवाओं की बिक्री मिलने पर संबंधित दवा विक्रेताओं पर सख्त कार्रवाई होगी।

## जांच में झूठी निकली बैंक ग्राहक की शिकायत

**पलिया कलां, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक शाखा पलिया कलां के स्टाफ के विरुद्ध एक खातेदार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत जांच में गलत साबित हुई। ग्राम गजरौरा, पोस्ट पटिहन, तहसील पलिया कलां निवासी गुरु पेज सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भारतीय स्टेट बैंक के प्रबंधक, कैशियर एवं फील्ड ऑफिसर पर सात हजार रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए शिकायत भेजी थी। बैंक के चीफ मैनेजर कमल चतुर्वेदी एवं स्थानीय पुलिस के समक्ष जब सीसीटीवी फुटेज आदि द्वारा एकत्र किए गए साक्ष्य देखे गए, तो उसमें शिकायत गलत साबित हुई। शाखा प्रबंधक एस एन प्रजापति ने बताया कि संबंधित व्यक्ति ने जानबूझकर स्टाफ पर झूठे आरोप लगाकर बैंक की छवि धूमिल करने का प्रयास किया है। उसके विरुद्ध पुलिस कार्रवाई हेतु तहरीर देंगे।

# तबादले के विरोध में उतरीं शिक्षिकाएं

कायार्कलय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की शिक्षिकाएं व अन्य स्टाफ शुक्रवार को तबादले के विरोध में डीएम दफ्तर पहुंच गया। अधिकारियों को ज्ञापन देकर तबादले का आदेश निरस्त करने की मांग की है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के स्टाफ ने बताया कि दो दिन पहले व्हाटस एप पर पांच साल पुराने स्टॉफ, जिसमें वार्डन, पूर्णकालिक व अंशकालिक सहित उर्दू शिक्षिकाओं को स्थानान्तरण के लिए निर्धारित प्रारूप 15 मार्च की सुबह 10 बजे तक कार्यालय में जमा करने के लिए कहा गया। इस पत्र में राज्य परियोजना कार्यालय के शासनादेश संख्या-1553/68-5-2020 का हवाला दिया गया है, जबकि 11 दिसंबर 2020 के पत्र में इस बात का उल्लेख ही नहीं है कि पांच साल से अधिक समय वाले शैक्षिक स्टॉफ का स्थानान्तरण कर दिया जाय।

शिक्षिकाओं ने बताया कि कस्तूरबा विद्यालय आवासीय संस्था है। समस्त शैक्षिक स्टॉफ का स्थानान्तरण होने से नए अभिभावकों से संपर्क करने में दिक्कत होगी। वहीं बालिकाओं की सुरक्षा संरक्षा से लेकर पठन-पाठन तक प्रभावित होगा। वहीं अंशकालिक शिक्षिकाओं को दूर-दराज स्थित विद्यालयों में समय पर उपस्थित होने में भी दिक्कत होगी। इन तमाम असुविधाओं के चलते विद्यालय का स्टाफ मानसिक रूप से परेशान है। स्टाफ ने पूर्व वर्षों की तरह ही इस साल भी शासनादेश के अनुसार नवीनीकरण मूल विद्यालय में ही करवाने की मांग की है। इस दौरान तमाम शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



तबादले का विरोध कर रहीं शिक्षिकाएं व अन्य स्टाफ। ● अमृत विचार

● **कस्तूरबा के स्टाफ ने डीएम को ज्ञापन देकर पूर्व की भांति नवीनीकरण कराने की मांग की**

# रमजान के पहले जुमे पर दुआ को उठे हाथ

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ रही। रोजेदारों और नमाजियों ने मुल्क में अमन के लिए दुआ की। वहीं महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की।

शुक्रवार अलसुबह रोजेदारों ने सहरी की। इसके बाद घरों में जुमा की नमाज की तैयारी शुरू हो गई। इबादतगाहों और घरों में साफ-सफाई की गई। लोगों ने गुस्ल कर साफ-सुथरे कपड़े पहने। अजान होने से पहले मस्जिदों का रुख किया, जिससे पहली कतार में जगह मिल जाए। अजान शुरू होने तक मस्जिदें नमाजियों से भर गईं। नमाज के बाद इमाम ने तकरीर की पहले जुमा की नमाज शहर की छोटी-बड़ी शहर, गांव ,क़स्बा की लगभग सभी मस्जिदें नमाजियों से भरी रही । कौम-ओ-मिल्लत और मुल्क में अमन-ओ-अमान की दुआओं के साथ पूरी हुई। रमजान के पहले शुक्रवार को शहर की जामा मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, ईदगाह मस्जिद,मिनारा मस्जिद , बरकाती मस्जिद, अजमेरी मस्जिद, हुदा मस्जिद, बिलाल मस्जिद, हुसैनी मस्जिद आदि लगभग दो दर्जन मस्जिदों में जुमा की नमाज अदा की गई। मस्जिदों के बाहर तक लोगों ने जुमे की नमाज अदा की। दूसरे जुमे को लेकर लोगों में सुबह से ही काफी जोश था। कस्बा खीरी की लगभग डेढ़ दर्जन मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। मस्जिद जाने वाले रास्तों पर सफाई करायी गयी और चूना डलवाया गया। नमाजियों की बढ़ती तादात को देखते हुए मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए काफी तादात में सफें बिछाई गई थी। नमाज़ के बाद दुआ में मुल्क की अम्न सलामती के लिए रोज़े दारों के हाथ उठे। तहसील निघसन, धौरहरा, पलिया, मोहम्मदी, मितौली, कस्ता, में मस्जिदों में भी नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई।



रमजान के पहले जुमे पर नमाज पढ़ते रोजेदार। ● अमृत विचार

● **मस्जिदों में बड़ी संख्या में उमड़े नमाजी मुल्क में अमन-चैन की मांगी दुआ**

## प्राथमिक विद्यालय से सोलर सिस्टम और टैबलेट चोरी

**पसगवां।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मस्तीपुर में प्राथमिक विद्यालय में चोर साउंड सिस्टम और टैबलेट उठा ले गए। प्रधानाध्यापक वसुधा अग्निहोत्री ने बताया कि नौ मार्च को तीन बजे स्कूल बंद कर वह घर चली गईं। सोमवार को विद्यालय आईं तब ताला टूटा हुआ मिला। कमरे के अंदर जाकर देखा तो साउंड सिस्टम और टैबलेट नहीं मिला। पुलिस ने तीन दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120
9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु
नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित
स्मृति अग्रवाल – चार्टेड एकाउन्टेंट
शिवम वर्मा – सतर्कता अधिकारी (NCB)
आयुष वर्मा – जिला सूचना अधिकारी
उदय प्रताप सिंह – गृह मंत्रालय
दीपशिखा – एम०बी०बी०एस०
मयंक शेखर श्रीवास्तव – आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी – प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी – प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

